an>

Title: Need to construct new bridges by formulating a new Prime Minister Rural Bridge Scheme on the lines of Pradhan Mantri Gramin Sadak Yojana.

श्री सतीश चंद्र दुबे (वाल्मीकि नगर): ग्रामीण विकास विभाग - प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत मेरे संसदीय क्षेत्र बाल्मीकि नगर, बिहार में बहुत-सी योजनाएं चल रही हैं। पहाड़ी इलाका होने के कारण हमारे यहां बहुत-सी नदियां हैं, जिस पर पुल नहीं होने के कारण आम जनता का सम्पर्क बरसात के समय कहीं पंचायत मुख्यालय से कट जाता है, तो कहीं अनुमंडल मुख्यालय से कट जाता है, जिसके चलते आम जनता को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

अतः माननीय मंत्री जी से आग्रह करता हूं कि जिस तरह प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना है, उसी तरह प्रधानमंत्री ग्रामीण पुल योजना बनाकर जगह-जगह पुल का निर्माण करा कर ग्रामीण जनता को यातायात की सुविधा दिला सके।